**Annexure - XI**

उत्तरांचल शासन
विद्या0 एवं सूचना विभाग
संख्या 236/स0वि0शि0 एवं सूचना/2005
देहरादून : दिनांक 10 सितम्बर 2005

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तरांचल शासन

सूचना के अधिकर अधिनियम, 2005 के क्रियान्वयन की प्रगति समीक्षा दिनांक 05.09.2005 को मुख्य सचिव महोदय द्वारा की गयी। बैठक में अनेक अधिकारियों द्वारा यह बिन्दु रखा गया कि उत्तरांचल प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में कुछ अधिकारी किसी कारणवश सम्मिलित नहीं हो सके थे, अतः देहरादून में एक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन और कराया जाना उपयुक्त होगा।

इस सम्बन्ध में सूचित करना है कि सूचना विभाग द्वारा दिनांक 21 सितम्बर 2005 को प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.30 बजे तक एक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजपुर रोड़ स्थित वन विभाग के मंथन सभागर में आयोजित किया जाना निश्चित हुआ है।

अनुरोध है कि उक्त तिथि को अपने अधीन विभाग में तथा सार्वजनिक उपक्रम, परिषद, निगम आदि में जिन अधिकारियों को आप उपुयक्त समझें उन्हें प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने हेतु नामित करने को कष्ट करें, जो अधिकारी नैनीताल अकादमी में प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित नहीं हो सके थे उन्हे भी इस कार्यशाला हेतु नामित करने का कष्ट करें।

जिन अधिकारियों उक्त कार्यशाला में नामित किया जाये उसकी सूचना दिनांक 17.09.2005 तक सूचना विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि आवश्यक तैयारियां करने में सुविधा हो सके।

(डी.के. कोटिया)
सचिव

संख्या /स.वि.शि.एवंसू./2005/तद्दिनांक

प्रतिलिपि निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

(डी.के. कोटिया)
सचिव